**कक्षा-दसवी** **समय-3 घंटे**

**विषय- हिंदी** **अंक-80**

**सामान्य निर्देश : निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**

**1) इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।**

**2) खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए। ।**

**3) खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।**

**4) कुल प्रश्नों की संख्या 18 है। प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखें।**

**(खंड 'अ')**

**(बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से कोई एक चुनकर लिखिए।** **1x5=5**

साहित्य ही सच्चा इतिहास है क्योंकि उसमें अपने देश और काल का जैसा चित्र होता है, वैसा कोरे इतिहास में नहीं हो सकता। घटनाओं की तालिका इतिहास नहीं है और न राजाओं की लड़ाईयाँ ही इतिहास है इतिहास 'जीवन' के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम है और जीवन पर साहित्य से अधिक प्रकाश और कौन वस्तु डाल सकती है, क्योंकि साहित्य अपने देश-काल का प्रतिबिंब होता है। जीवन में साहित्य की उपयोगिता के विषय में कभी-कभी संदेह किया जाता है, जो स्वभाव से अच्छे हैं, वे अच्छे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें। जो स्वभाव से बुरे हैं, बुरे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें इस कथन में सत्य की मात्रा बहुत कम है। इसे सत्य मान लेना मानव-चरित्र को बदल देना होगा जो सुंदर है, उसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है। हम कितने ही पतित हो जाएँ, पर असुंदर की ओर हमारा आकर्षण नहीं हो सकता। हम कर्म चाहे कितने ही बुरे करें यह असंभव है कि करुणा और दया, प्रेम और भक्ति का हमारे दिलों पर असर न हो।

नेपोलियन के जीवन की यह घटना प्रसिद्ध है, जब उसने एक अंग्रेज मल्लाह को झाऊ की नाव पर समुद्र पार करते देखा। जब फ्रांसीसी अपराधी मल्लाह को पकड़कर नेपोलियन के सामने लाए और उसने पूछा- तू इस भंगुर नौका पर क्यों समुद्र पार कर रहा था, तो अपराधी ने कहा- इसलिए कि मेरी वृद्ध माता घर पर अकेली है, मैं उन्हें एक बार देखना चाहता था। नेपोलियन की आँखों में आँसू छलछला आए मनुष्य का कोमल भाग स्पंदित हो उठा। उसने उस सैनिक को फ्रांसीसी नौका पर इंग्लैंड भेज दिया।

**(i) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, इतिहास है-**

(क) जीवन के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम

(ख) घटनाओं की तालिका

(ग) किसी युग के उत्थान-पतन की कहानी

(घ) कला, साहित्य और धर्म से संबंधित प्रगति का नाम

**(ii) किसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है-**

(क) धन की ओर (ख) सुंदरता की ओर

(ग) प्रतिष्ठा की ओर (घ) लोकप्रियता की ओर

**(iii) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए-**

(क) जीवन और साहित्य (ख) देश और साहित्य

(ग) मानव जीवन और साहित्य (घ) जीवन में साहित्य की उपयोगिता

**(iv) बुरे होने पर किन गुणों का हमारे दिल पर असर अवश्य पड़ता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटिए-**

(क) करुणा का (ख) दया का

(ग) ईमानदारी का (घ) प्रेम और भक्ति का

**(v) गद्यांश में किसके जीवन की एक प्रसिद्ध घटना का वर्णन किया गया है?**

(क) नेपोलियन (ख) हिटलर

(ग) टीपू सुल्तान (घ) नादिर शाह

**प्रश्न 2.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से कोई एक चुनकर लिखिए- - 1x5=5**

'नैनो-तकनीक' के समर्थक दावा करते हैं कि जब वह अपने पूरे वजूद से आएगी तो धरती का नामो-निशान मिट जाएगा और नैनो रोबोट की स्वनिर्मित फौज पूरी तरह क्षत-विक्षत शव को पलक झपकते ही चुस्त-दुरुस्त इंसान में तबदील कर देगी।

दूसरी और नैनो-तकनीक की असीमित शक्ति से आशंकित इसके विरोधी इसे मिस्र के पिरामिड़ों में सोई ममियों से भी अधिक अभिशप्त समझते हैं। इन दोनों अतिवादी धारणाओं के बीच इतना अवश्य कहा जा सकता है कि हम तकनीकी क्रांति के एक सर्वथा नए मुहाने पर आ पहुँचे हैं, उसके बाद उद्योग, चिकित्सा, दूरसंचार, परिवहन सहित हमारे जीवन में शामिल तमाम तकनीकी जटिलताएँ अपने पुराने अर्थ खों देंगी। इस अभूतपूर्व तकनीकी बदलाव के सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ क्या होंगें, यह देखना सचमुच दिलचस्प होगा। आदमी ने कभी सभ्यता की बुनियाद पत्थर के बेड़ौल हथियारों से डाली थी, अनगढ़ शिलाओं को छीलकर उन्हें कुल्हाड़ों और भालों की शक्ल में ढ़ाला और इस उपलब्धि ने उत्पादकता की दृष्टि से उसे दूसरे जंतुओं की तुलना में लाभ की स्थिति में ला खड़ा किया। औज़ारों को बेहतर बनाने का यह सिलसिला आगें कई विस्मयकारी मसलों से गुज़रा और औद्योगिक क्रांति ने तो मनुष्य को मानो प्रकृति के नियंत्रक की भूमिका सौंप दी तकनीकी कौशल को हतप्रभ कर देने वाली इस यात्रा में एक बात ऐसी है, जो पाषाण युग के बेढब हथियारों से लेकर चमत्कारी माइक्रोचिप निर्माण तक एक जैसी बनी रही। हम अपने औजार, कच्चे माल को तराशकर बनाते है। यह सर्वविदित तथ्य है कि सारे पदार्थ परमाणुओं से मिलकर बने हैं, लेकिन पदार्थों के गुण इस बात पर निर्भर करते हैं कि उनमें परमाणुओं को किस तरह सजाया गया है। कार्बन की एक खास बनावट से कोयला तैयार होता है, तो दूसरी खास बनावट उन्हें हीरे का रूप दे देती है। परमाणु और अणुओं को इकाई मानकर मनचाहा उत्पाद तैयार करना ही 'नैनो-तकनीक का सार है।

**(i) 'नैनो-तकनीक' तकनीकी जटिलताओं को बिल्कुल समाप्त कर देगी, क्योंकथन पढ़कर नीचे दिए सही विकल्प का चयन कीजिए-**

कथन

1.इससे प्रकृति को कोई हानि नहीं होती हैं।

2.इसकी शक्तियाँ असीमित हैं।

3.इससे तकनीकी कुशलता में अत्यंत वृद्धि होगी।

4. यह स्वनिर्मित फौज पूरी करती हैं ।

विकल्प

(क) केवल 1 सही है

(ख) 1 और 2 सही हैं

(ग) 2 और 3 सही हैं

(घ) 3 और 4 सही हैं

**(ii) नैनो-तकनीक के विरोधी द्वारा इसे मिस्र के पिरामिड़ों में सोई ममियों से भी अधिक अभिशक्त क्यों माना गया?**

**(क**) यह तकनीक संपूर्ण मानवजाति के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं

(ख) यह तकनीक विकास के नए प्रतिमान स्थापित करेगी

(ग) यह तकनीक कौशल को बढ़ाने के बजाय घटा देगी।

(घ) यह तकनीक नए युग में चार चाँद लगा देगी।

**(iii) नैनो तकनीक के वजूद में आने का क्या परिणाम होगा?**

(क) बेरोजगारी को बढ़ावा मिलेगा (ख) देश में समृद्धि आएगी
(ग) धरती का नामो-निशान मिट जाएगा। (घ) सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**(iv) गद्यांश के अनुसार, 'नैनो-तकनीक' क्या है?**

(क) छोटी-छोटी मशीनों का प्रयोग करके बड़ी चीज़ बनाना।
(ख) परमाणु और अणुओं को मूलभूत इकाई मानकर इच्छानुसार उत्पाद तैयार करना।
(ग) परमाणु और अणुओं में भेद न करते हुए इनका प्रयोग उत्पाद बनाने में करना ।
(घ) तकनीक के क्षेत्र में मनुष्य को सर्वाधिक महत्त्व प्रदान करना ।

**(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएकथन (A) नैनो तकनीक मनुष्य की सोच की सीमा बढ़ा देगी। कारण (R) यह मनुष्य को केवल विनाश की ओर ले जाएगी।**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनो ही गलत हैं ।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या हैं।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्ही चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x4=4**

**(i) उसकी कल्पना में वह एक <u>अद्‌भुत साहसी</u> युवक था रेखांकित पदबंध का भेद है-**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**(ii) कमरे में आते ही भाई साहब का <u>वह रौद्र रूप</u> देखकर प्राण सूख जाते। रेखांकित पदबंध का भेद है पदबंध-**

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**(iii) तताँरा को मानो कुछ <u>होश आया</u>। रेखांकित पदबंध का भेद है -**

क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**(iv) क्रिया - विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए-**

(क) <u>विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई</u> नहीं बोला।
(ख) वह <u>भागा-भागा</u> वहाँ पहुँच जाता।
(ग) उसकी <u>व्याकुल आँखें</u> वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थीं।
(घ) तताँरा की तलवार एक <u>विलक्षण रहस्य</u> थी।

**(v) बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है। इस वाक्य में क्रिया पदबंध है -**

(क) बढ़ती हुई आबादियों। (ख) समंदर को पीछे
(ग) सरकाना शुरू कर दिया। (घ) आबादियों ने समंदर

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x4=4**

**(i) मेरा विश्वास है कि इस योजना से हमारे देश की आर्थिक उन्नति होगी। रचना के आधार पर वाक्य भेद है-**

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य
(ग) संयुक्त वाक्य। (घ) इनमें से कोई नहीं

**(ii) आरक्षण से पूरा समाज टुकड़ों में बँट गया है और जातीय विद्‌वेष की ज्वाला से जैसे पूरा समाज जल रहा है। रचना के आधार पर वाक्य भेद है-**

(क) सरल वाक्य। (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य। (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iii) हवा के तीव्र झोंके सब कुछ उड़ा ले गए। रचना के आधार पर वाक्य भेद है-**

(क) संयुक्त वाक्य। (ख) सरल वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य। (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) मुझे विश्वास है कि दोष तुम्हारा है। इस मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए-**

(क) मुझे विश्वास हो गया है कि दोष तुम्हारा है।

(ख) दोष तुम्हारा है और इसका मुझे विश्वास है।

(ग) दोष तुम्हारा होने के कारण मुझे विश्वास है।

(घ) मुझे पक्का विश्वास है, दोष तुम्हारा है।

**(v) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य का उदाहरण है-**

(क) थका हुआ पथिक पेड़ के नीचे सो गया।

(ख) पथिक थका हुआ था इसलिए पेड़ के नीचे सो गया।

(ग) पथिक थककर पेड़ के नीचे सो गया।

(घ) जो पथिक थका हुआ था, वह पेड़ के नीचे सो गया।

**प्रश्न 5.समास विषय पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए । 1x4=4**

**(i) 'चौराहा' शब्द का सही समास-विग्रह और भेद क्या होगा?**

(क) चार राहों वाला- तत्पुरुष समास (ख) चार राहों का समाहार-द्विगु समास

(ग) चार हैं जो राहें-कर्मधारय समास। (घ) राहों में चार हैं जो द्वंद्व समास

**(ii) 'स्वर्ग-नरक' समस्तपद का विग्रह होगा -**

(क) नरक अथवा स्वर्ग। (ख) स्वर्गरूपी नरक

(ग) स्वर्ग और नरक है जो नरक (घ) स्वर्ग

**(iii) शोकमग्न शब्द में कौन-सा समास है?**

(क) तत्पुरुष समास (ग) कर्मधारय समास

(ख) अव्ययीभाव समास (घ) द्विगु समास

**(iv) वह इकलौता पुत्र है। रेखांकित पद का विग्रह बताकर समास का नाम बताइए -**

(क) अकेला / तत्पुरुष. (ख) एक ही / कर्मधारय

(ग) एक ही है जो / द्विगु समास (घ) एकाएक / अव्ययीभाव

**(v) देशोद्धार शब्द के लिए सही समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए-**

(क) देश का उद्धार तत्पुरुष समास

(ख) देश के लिए उद्धार- बहुव्रीहि समास

(ग) देश में उद्धार कर्मधारय समास

(घ) देश और उद्धार- द्वंद समास

**प्रश्न 6.मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्ही चार</u> प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1x4=4**

**(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-**

(क) मंत्र न लगना – इज्जत रखना

(ख) हवा में उड़ना – अत्यधिक प्रभावी होना

(ग) अक्ल का अंधा – बुद्धिमान व्यक्ति

(घ) नौ-दो ग्यारह होना – भाग जाना

**(ii) दिल्ली में घूमने के साथ हम शादी में भी सम्मिलित हो गए, इस तरह.......... हो गए । रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-**

(क) उन्नीस-बीस होना।　　　　(ख) एक पंथ दो काज

(ग) चक्कर खाना　　　　(घ) नौ दो गयारह होना

**(iii) गुस्से में आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

(क) बाट जोहना　　　　(ग) हावी होना

(ख) सातवें आसमान पर होना.　　　　(घ) त्योरियाँ चढ़ाना

**(iv) बना बनाया काम बिगाड़ देना अर्थ के लिए सही मुहावरा है-**

(क) टाँग अड़ाना　　　　(ख) आँखों से बोलना

(ग) गुड़ गोबर कर देना　　　　(घ) दो से चार बनाना

**(v) 'अनदेखा कर देना अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**

(क) उल्टी गंगा बहाना　　　　(ख) आँखें चुरा लेना

(ग) आँच न आने देना　　　　(घ) आँखों पर पर्दा पड़ना

**(vi) सोहन तो निपट मूर्ख है, उसे कितना भी समझा लो उसकी समझ में कुछ नहीं आता है। रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?**

(क) लकीर का फकीर　　　　(ख) नाक का बाल

(ग) काठ का उल्लू.　　　　(घ) कोल्हू का बैल

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए– 1x5=5**

स्याम म्हाने चाखर राखो जी,
गिरधारी लाला म्होंने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ
बिन्दरावन री कुंज गली मे, गोविन्द लीला गास्यूँ
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बातों सरसी।
मोर मुकुट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनू चरावे, मोहन मुरली वाला
ऊँचा-ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साडी।
आधी रात प्रभू दरसण, दीज्यो जमनाजी रो तीरा।
मीरों रा प्रभू गिरधर नागर, हिवडो घणों अधीरा

(i) **मीरा कृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है?**

(क) उनकी पीड़ा दूर करने की　　　　(ख) सेविका के रूप में स्वीकार करने की

(ग) प्रेमिका के रूप में स्वीकार करने की　　　　(घ) उन्हें अपने से दूर रखने की

**(ii) कृष्ण की सेविका बनकर मीरा क्या करना चाहती है?**

(क) बाग सजाना, दर्शन करना, गीत गाना　　　　(ख) प्रशंसा के गीत गाना और गोकूल मे रहना

(ग) रोज उठकर उनके दर्शन करना और रोना　　　　(घ) उनकी याद मे रोना दर्शन करना गीत गाना

**(iii) मीरा वृंदावन की गलियों में-**

(क) कृष्ण से मिलना चाहती है　　　　(ख) कृष्ण का गुणगान करना चाहती है

(ग) कृष्ण को उलाहना देना चाहती है　　　　(घ) कृष्ण की प्रतीक्षा करना चाहती है

(lv) कृष्ण की भाव भक्ति में डूबना किसके समान है?

(क) सुख और वैभव के समान　　　　(ख) मान-सम्मान के समान

(ग) धन-दौलत के समान　　　　(घ) धन और सम्मान के समान

**(v) निम्नलिखित याक्यो को ध्यानपूर्वक पढ़िए।**

(i) मीरा श्याम को नौकर बनाना चाहती है।

(ii) मीरा श्रीकृष्ण की सेविका बनकर रहना चाहती है।

(iii) मीरा प्रतिदिन प्रातः उठकर श्रीकृष्ण के दर्शन करना चाहती है।

(iv) श्रीकृष्ण के गले में वैजयंती माला सुशोभित है

(v) श्रीकृष्ण वृंदावन में खेती का कार्य करते हैं -

(क) (i). (ii) और (v)

(ख) (iii) और (iv)

(ग) (iii). (iv) और (v)

(घ) (ii). (iii). और (iv)

**प्रश्न8.निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए – 1×2=2**

**(i)'सहस्त्र दृग सुमन' से क्या तात्पर्य है ?**

(क) हजारों पुष्प। (ख) हजारों पुष्प रूपी नयन। (ग) हजारों आँखें। (घ) आँखों के लिए पुष्प

**(ii)कंपनी बाग़ में रखी तोप का इस्तेमाल किसने किया था ?**

(क) हमारे पूर्वजों ने। (ख) झाँसी की रानी ने। (ग) वज़ीर अली ने। (घ) अंग्रेज़ों ने

**प्रश्न.9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए– 1×5=5**

**शाम को वह मुझे एक 'टी-सेरेमनी' में ले गए। चाय पीने की यह एक विधि है। जापानी में उसे चा -नो- यू कहते हैं। वह एक छः मंजिली इमारत थी जिसकी छत पर दफ़्ती की दीवारोंवाली और तातामी ( चटाई) की ज़मीनवाली एक सुंदर पर्णकुटी थी। बाहर बेढब - सा एक मिट्टी का बरतन था। उसमें पानी भरा हुआ था। हमने अपने हाथ-पाँव इस पानी से धोए। तौलिए से पोंछे और अंदर गए। अंदर 'चाजीन' बैठा था। हमें देखकर वह खड़ा हुआ। कमर झुकाकर उसने हमें प्रणाम किया। दो... झो... ( आइए, तशरीफ़ लाइए) कहकर स्वागत किया। बैठने की जगह हमें दिखाई। अँगीठी सुलगाई। उस पर चायदानी रखी। बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतन ले आया। तौलिए से बरतन साफ़ किए। सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों। वहाँ का वातावरण इतना शांत था कि चायदानी के पानी का खदबदाना भी सुनाई दे रहा था।**

**(i) लेखक को 'टी-सेरेमनी' में कौन ले गया था?**

(क) उनका भारतीय मित्र (ख) उनका अमेरिकन मित्र

(ग) चाजीन (घ) उनका जापानी मित्र

**(ii) 'चा-नो-यू' क्या है ?**

(क) एक मानसिक रोग (ख) एक प्रकार की बीमारी

(ग) चाय पीने की एक विधि (घ) उपरोक्त सभी

**(iii) 'पर्णकुटी' से क्या तात्पर्य है?**

(क) पत्तों की झोंपड़ी (ख) किसी संत की कुटिया

(ग) एक तरह की अँगीठी . (घ) चायदानी

**(iv) चाजीन ने कौन-से कार्य गरिमापूर्ण ढंग से किए ?**

(क) स्वागत करने का (ख) अँगीठी सुलगाने का

(ग) बरतन साफ़ करने का (घ) तीनों विकल्प सही हैं

**(v) पाठ और लेखक का नाम है :-**

(क) पाठ- झेन की देन, लेखक- रवींद्र केलेकर

(ख) पाठ- गिन्नी का सोना, लेखक- रवींद्र केलेकर

(ग) पाठ- पतझड़ में टूटी पत्तियाँ, लेखक- रवींद्र केलेकर

(घ) पाठ- झेन की देन, लेखक- काका कालेलकर

**प्रश्न.10 निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए – 1×2=2**

**(i) गुलाम भारत में दूसरी बार स्वतंत्रता दिवस कब मनाया गया था?**

(क) 26 जनवरी, 1930 (ख) 26 जनवरी, 1931

(ग) 26 जनवरी, 1947 (घ) 26 जनवरी, 1948

**(ii) तताँरा और वामीरो के गाँवों संबंधी कौन-सा कथन सही है?**

(क) तताँरा पासा गाँव का था और वामीरो लपाती गाँव की थी ।

(ख) तताँरा लपाती गाँव का था और वामीरो पासा गाँव की थी ।

(ग) तताँरा और वामीरो दोनों लपाती गाँव के थे ।

(घ) उपरोक्त तीनों विकल्प गलत हैं ।

**खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न) पाठ्य पुस्तक (स्पर्श-2)**

**प्रश्न11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। 3×2=6**

(क) तालीम के विषय में बड़े भाई साहब के विचारों पर टिप्पणी कीजिए। क्या आप उनके उदाहरण को अपना आदर्श बना सकते हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(ख)'तीसरी कसम' सभी गुणों से पूर्ण होने के बाद भी जनता की भीड़ क्यों नहीं जुटा पाई? तर्क संगत उत्तर दीजिए।

(ग) 'सआदत अली' अंग्रेज़ों का हिमायती क्यों था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। 3×2=6**

(क) कबीर ने अपने दोहे में 'हिरण' का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है? क्या आप भी कबीर के विचार से सहमत हैं? अपना उत्तर स्पष्ट रूप से लिखिए|

(ख) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में मनुष्य को परोपकारी जीवन जीने की प्रेरणा दी गई है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

(ग) आपने पाठ्यक्रम की कविता 'आत्मत्राण' में कवि की क्या कामनाएं हैं? अपने शब्दों में संक्षेप में लिखिए।

**संचयन भाग-2**

**प्रश्न13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। 3×2=6**

**(क)** महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है तथा आपके मन में इससे ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं के प्रति **कैसी** धारणा बनती है? बताइए।

(ख) पी०टी० अध्यापक कैसे स्वभाव के व्यक्ति थे? विद्यालय के कार्यक्रमों में उनकी कैसी रुचि थी? स्पष्ट करें

(ग)'अलग-अलग धर्म और जाति मानवीय रिश्तों में बाधक नहीं होते।''टोपी शुक्ला' पाठ के आलोक में प्रतिपादित कीजिए।

**(लेखन भाग)**

**प्रश्न14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 1×5=5**

**(क) इंटरनेट: विज्ञान का चमत्कार**

- विज्ञान की अद्भुत उपलब्धि
- इंटरनेट के लाभ
- इंटरनेट से हानि
- उपसंहार

**(ख) शिक्षक और छात्र का संबंध**

- शिक्षकों का समाज के लिए महत्व
- शिक्षकों के प्रति छात्रों की भावना
- शिक्षकों एवं छात्र के बीच मधुर संबंध की महत्वता
- उपसंहार

**(ग) आशा ही जीवन है , निराशा की मृत्यु**

- आशा निराशा का अर्थ
- निराशा से हानि
- आशा की शक्ति
- उपसंहार

**प्रश्न15 .(क)** बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए **जम्मू** विद्युत बोर्ड के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों **में** पत्र लिखो। **1×5=5**

अथवा

**(ख) आवारा पशुओं के कारण बढ़ रहे हादसो का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार- पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न16.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (लगभग 60 शब्दों में) सूचना लिखिए। **1×4=4**

(क) आपके विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य जी की ओर से छात्रों की इसकी सूचना लगभाग 80 शब्दों में जारी करें।

अथवा

**(ख) आप राजकीय विद्यालय, दिल्ली के प्रधानाचार्य राज वर्मा है। विद्यालय की पुस्तक प्रदर्शनी में आने के लिए विद्यार्थीयों को 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।**

**प्रश्न17.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (लगभग 60 शब्दों में) विज्ञापन तैयार कीजिए - **1×3=3**

**(क) पेंसिल बनाने वाली किसी प्रसिद्ध कंपनी की ओर से 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।**

अथवा

**(ख) 'दिल्ली पुस्तक मेले' के संबंध में लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**प्रश्न18.(क)** 'छोटी भूल का बड़ा दुष्परिणाम' विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। **1×5=5**

अथवा

**(ख)आप चारू शर्मा है । आपके क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण अत्यधिक बढ़ गया है, जिसके कारण अनेक समस्या उत्पन्न होती है। अपनी इस समस्या से नगर योजना अधिकारी को अवगत कराते हुए एक ई-मेल लिखिए।( शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)**